राष्ट्रीय सेवा योजना की नर्सिंग संकाय की गार्गी ईकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े में श्रमदान करती स्वयंसेविकाएं

दिनांक : 22 सितम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की नर्सिंग संकाय की गार्गी ईकाई के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंर्तगत स्वैच्छिक श्रमदान के माध्यम से माँ पाटेश्वरी सेवा आश्रम स्वच्छता अभियान चलाया।

जिसमें विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम अपने छात्रावास के मेस, बेसमेंट लॉबी के जाले, खिड़की इत्यादि की साफ–सफाई करने के साथ सम्पूर्ण छात्रावास के बाहरी परिसर के फुलवारी और क्यारियों के पौधों इत्यादि की सफ़ाई एवं उसे व्यवस्थित किया, उसके उपरांत सभी स्वयंसेवक एवं छात्रावासी छात्राओं ने एक साथ मिलकर छात्रावास से निकलकर विश्वविद्यालय में मुख्यद्वार से होते हुए सोनबरसा गाँव तक एक रैली का आयोजन कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक इकट्ठा एवं गंदगी युक्त स्थान की साफ–सफ़ाई की।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कविता साहनी ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारे समाज और पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण है।

स्वच्छता से मन और आत्मा की शांति मिलती है और यह एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं प्लास्टिक मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर तथा परिसर के आपपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सोनबरसा ग्राम तक प्लास्टिक इकट्ठा किया गया और लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान और पर्यावरण स्वच्छता के बारे में शिक्षित किया, सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और स्वयंसेविका अत्यंत उत्साहित दिखे।

इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती प्रज्ञा पांडेय जी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त हुआ। समस्त कार्यक्रम के दौरान तल अभिरक्षिका सुश्री स्मृति सिंह, सुश्री प्रिया सिंह, सुश्री साक्षी, श्रीमती सुमिता त्रिपाठी के साथ ईकाई के स्वयंसेविका सुश्री रेहाना, सुश्री निहारिका, सुश्री अंशू, सुश्री खुशबू, सुश्री अनुपम सुश्री, सुश्री रंजना, सुश्री ऋतु भारती, सुश्री कल्पना, सुश्री सुकन्या एवं समस्त छात्रावासी छात्राओं ने पूरे मनोयोग के साथ सहयोग प्रदान किया।